तापमान
अधिकतम 33.6 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार 16 जुलाई 2026

15 अंडा में कांग्रेस का प्रदर्शन, श्रीराम मंदिर चढ़ावा...


16 म्यूल बैंक खातों पर कार्रवाई आठ खाताधारक...




## खम्हरिया स्कूल पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम, 36 छात्राओं की स्वास्थ्य जांच

**भिलाई।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खम्हरिया जुनवानी में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची। टीम ने यहां 36 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया है। इन छात्राओं को घबराहट जैसी समस्या थी लेकिन जांच में सभी स्वस्थ्य पाई गई है। इन छात्राओं के ब्लड टेस्ट भी किया जाएगा। ताकि किसी तरह ब्लड या अन्य की कमी की पुख्ता जानकारी हासिल हो सके। टीम ने काउंसलिंग भी की। छात्राओं को समझाया कि यहां कोई बीमारी या बाहरी शक्ति जैसी कोई बात नहीं है। इसलिए डरें नहीं। केवल पढ़ाई पर ध्यान दें।

**दो दिन से टूटा बेहोशी का क्रम :** खम्हरिया स्कूल में पिछले दो दिन से यानी मंगलवार और बुधवार दोनों दिन कोई भी विद्यार्थी बेहोश या चक्कर खाकर गिरी नहीं हैं। हालांकि दोनों की दिन ही स्वास्थ्य विभाग की टीम यहां पहुंची है। छात्राओं के साथ हो रही लगातार घटना का क्रम टूटा है इससे न केवल स्कूल प्रबंधन, शिक्षा विभाग बल्कि पालकों ने भी राहत की सांस ली है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि चिकित्सकीय टीम के काउंसलिंग और स्वास्थ्य परीक्षण से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ा है। इसलिए काउंसलिंग को आगे और बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। पिछले दिनों से अब तक खम्हरिया स्कूल की 11 छात्राएं मॉस हिस्ट्रीरिया की शिकार हो चुकी है। यहां तीन दिनों तक एक छात्रा के बेहोश होकर गिरने की घटना के बाद उन्हे देखकर और छात्राएं भी गश खाकर गिर रही थी।




### क्रेडिट कार्ड से लिया करीब 10 लाख का लोन

# आर्थिक तंगी से परेशान होकर जेपी सीमेंट प्लांट के कर्मी ने लगाई फांसी

### 27-28 माह का वेतन नहीं मिलने से नहीं पटा पा रहा था लोन

हरिभूमि न्यूज ▸▸भिलाई

जेपी सीमेंट प्लांट के सुपरवाइजर ने आर्थिक तंकी के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना राधिका नगर की है। सुपेला पुलिस ने बताया कि पुष्पेंद्र परमार 35 वर्ष मध्य प्रदेश के सतना जिला का निवासी था। वर्तमान में राधिका नगर सुपेला में किराए के मकान में रहता था। जांच में पता चला है कि उसे बीते 27-28 माह से जेपी कंपनी का वेतन नहीं मिला था। परिजनों के मुताबिक कंपनी से वेतन नहीं मिलने पर 3 क्रेडिट कार्ड से 10 लाख रुपए से अधिक का लोन लिया पुष्पेंद्र ने लिया था। वेतन न मिल पाने से वो लोन की किस्त भी नहीं पटा पा रहा था। लोन कंपनियों के लगातार फोन आने से वो काफी परेशान था। पत्नी का आरोप है कि फोन पर उनके साथ अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज तक दी जाती थी। जिससे वे मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगे थे।

प्लांट पूरी तरह से दीवालिया होने की खबर है। इसे लेकर प्लांट कर्मियों में जमकर नाराजगी है। जेपी प्लांट लंबे समय से बंद होने के कारण कर्मियों को वेतन नहीं मिल रहा था। यहां के कर्मी प्रतिदिन सुबह-शाम उम्मीद जताए प्लांट जाकर अटेंडेंस लगाते हैं। लेकिन वेतन न मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब होती जा रही है।



#### टॉवेल से फंदा बनाकर झूल गया

पत्नी ने बताया कि घटना वाली रात करीब ढाई बजे पुष्पेंद्र ने घर के एक कमरे में टॉवेल से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। रात करीब 3 बजे जब उनकी पत्नी की नींद खुली तो वे बिस्तर पर नहीं थे। पहले उन्हें लगा कि वे टॉयलेट गए होंगे, लेकिन वहां नहीं मिले। इसके बाद पीछे के कमरे में जाकर देखा तो उनका शव फंदे से लटका मिला। पुष्पेंद्र के परिवार में उनकी पत्नी और 11 साल का बेटा है। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन सतना से भिलाई के लिए रवाना हो गए। सुपेला पुलिस को सूचना पर मिलने पर घटनास्थल पहुंची और पंचनामा कर पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया। पीएम के बाद ही शव को परिजनों को सौंपा जाएगा। फिलहाल मामले की जांच में पुलिस जुटी हुई है।

#### परिवार का खर्च चलाना हो रहा था मुश्किल

मृतक की पत्नी श्वेता सिंह परमार के मुताबिक पिछले करीब 27-28 माह से उन्हें वेतन नहीं मिला था। कंपनी की ओर से उनके 10 लाख रुपए से अधिक का भुगतान भी बकाया था। इसके कारण परिवार लंबे समय से आर्थिक संकट से जूझ रहा था। घर का खर्च चलाने के लिए पुष्पेंद्र ने कुछ समय पहले डिलीवरी का भी काम शुरू किया था। काम से भी पर्याप्त आय नहीं हो रही थी। पेट्रोल और अन्य खर्च निकालने के बाद हर महीने केवल 4 से 5 हजार रुपए ही बचते थे। जिसमें मकान किराया ही 4 हजार रुपए था। ऐसे में परिवार का खर्च चलाना काफी मुश्किल हो गया था।

#### अन्य कर्मियों ने लगाए गंभीर आरोप

कर्मी पुष्पेंद्र की मौत की खबर लगते ही जेपी सीमेंट प्लांट के कर्मी अस्पताल पहुंचे। कर्मियों का आरोप है कि उन्हें बीते 28 माह से वेतन नहीं मिला है। परिवार का खर्च चलाने के लिए अधिकांश कर्मी कर्ज ले रखा है। आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। कर्मियों ने बताया कि कुछ साल पहले भी आर्थिक तंगी से परेशान कर्मी ने भी इसी तरह फांसी लगाकर अपनी जान दी थी। लेकिन उस समय भी जल्द बकाया वेतन देने का आश्वासन मिला था लेकिन आज तक वेतन नहीं किया गया। इस तरह लगातार हो रहे घटना से कर्मियों में लगातार आक्रोश पनप रहा है।

#### जांच में लिया गया है

मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। मौके से किसी भी प्रकार का सुसायडल नोट नहीं मिला है। कंपनी दीवालिया हो गई कर्मियों वेतन नहीं मिलने की जानकारी है। आत्महत्या का असली कारण जांच के बाद ही पता चल पाएगा।


**-सत्य प्रकाश तिवारी,**
सीएसपी भिलाई नगर

## फरार आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** सूने के मकान का ताला तोड़कर चोरी कर सालों से फरार आरोपी कैम्प-01, सुंदर नगर तेलगू मोहल्ला निवासी गंड्डी बापजी उर्फ अजय बाबू को छावनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वर्ष 2022 में राजेश उर्फ नानी वर्मा ने कोहका निवासी समीमा खतून के मकान से 95 हजार रुपए के जेवरात चोरी किए थे। इस मामले में अजय बाबू फरार चल रहा था।




## सप्ताहभर बाद शाम को हल्की बारिश, ट्विनसिटी को मिली राहत



**भिलाई।** सप्ताहभर बाद ट्विनसिटी में शाम को बादल बरसे। करीब घंटेभर की हल्की बारिश से लोगों को राहत मिली। बारिश तो बंद हो गई लेकिन बिजली घंटों गुल रही। जिसकी वजह से लोगों को उमसभरी गर्मी से जूझना पड़ा। सुबह से ही धूप छांव का खेल चलता रहा। जिसकी वजह से अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। जो सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक था। न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर मौसम विभाग ने कल भी बारिश की संभावना जताई है लेकिन वह उत्तर छत्तीसगढ़ का क्षेत्र होगा। इसलिए ट्विनसिटी में बारिश की संभावना कम है।

#### इस तरह चल रहा है मानसून

मौसम विभाग के मुताबिक एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी उत्तर उड़ीसा-पश्चिम बंगाल तक के पास स्थित है । इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके और अधिक प्रबल होकर एक चिन्हित निम्न दाब के क्षेत्र के रूप में परिवर्तित होने तथा उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए उत्तर उड़ीसा और गंगेटिक पश्चिम बंगाल की ओर अगले दो दिनों में पहुंचने की संभावना है। मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर जम्मू, शाहजहांपुर, बस्ती, पटना, बांकुरा, निम्न के क्षेत्र के केंद्र और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है । एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और उससे लगे जम्मू कश्मीर के ऊपर स्थित है । एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तर प्रदेश और उससे लगे बिहार के ऊपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है ।







वन्देमातरम् अपार्टमेंट
Nehru Nagar, Model Town, Bhilai
Premium Amenities
Hi-Tech Security System
Grand Entrance through Glass Lobby with Biometric Security
Lush Green Landscaped Gardens
24×7 Water & Electricity Supply
Dedicated Children's Play Garden
100% वास्तु के अनुसार।
READY POSSESSION
3BHK (31.5 x 31.5 Sq.ft.) Starting From 33.75 Lacs
• Walking distance from Surya TI Mall, Hospitals and local markets.
• Top Schools and Colleges with in 5 km range.
आप सभी को महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी की पावन
रथ यात्रा की हार्दिक शुभकामनाएँ।
पावन 9 दिनों का शुभ अवसर
छूट का महाउत्सव!
6% की छूट
सर्वसुविधाओं के साथ स्वतंत्र प्लाट भी परिसर के अंदर उपलब्ध।
पहले से भी बेहतर, पहले से भी प्रीमियम!
Shreeram Heights
Christian College Road, Kailash Nagar, Bhilai
PREMIUM & LUXURY FLATS
2BHK (968 & 1041 Sq.ft.) Starting From 34.50 Lacs
3BHK (1300, 1345 & 1381 Sq.ft.) Starting From 46.75 Lacs
*All Sizes Are in Built-Up (Actual Possession Area)
200 से ज्यादा खुशहाल परिवार निवासरत्
निर्माणाधीन BLOCK-B
Premium Amenities
Lifestyle & Recreation
• Rooftop Swimming Pool for Kids & Adults (Separate)
• Rain Dance Floor
• Mini Home Theatre
Nature & Leisure
• Children Play Garden
• Lush Green Landscaped Garden with Party Stage
• Multipurpose Hall
• Guest House
Health & Fitness
• Lavish Club House with Modern Gym
• Pool Table, Indoor Games & Infant Play Area
• Badminton / Volleyball Court
Safety & Convenience
• Hi-Tech Security System
• 24 Hours Guard, Water & Electricity
• Water Softener Plant
CG RERA Registration No.:
SHREERAM HEIGHTS PHASE IV (BLOCK-B)
PCGRERA030226002036
https://rera.cgstate.gov.in
BOOK NOW
7000563600 | 7000716611 | 9039036111 | 9425552111
Bank Finance From All Leading Banks
www.vandematrambuilders.com
Follow "Vandematram Builders" on :
Member of CREDAI

## खबर संक्षेप



### सीएम साय को बोल बम कांवर यात्रा में किया आमंत्रित

सेलूद/पाटन। बोल बम कांवर यात्रा समिति, पाटन के संयोजक एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट कर 17 अगस्त को आयोजित होने वाली विशाल बोल बम कांवर यात्रा महोत्सव में आमंत्रण किया। इस अवसर पर श्री वर्मा ने मुख्यमंत्री जी को यात्रा की रूपरेखा, तैयारियों एवं आयोजन के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन के तीसरे सोमवार को पाटन से टोलाघाट तक हजारों शिवभक्तों की सहभागिता से भव्य कांवर यात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन गजेंद्र यादव प्रमुख रुप से उपस्थित थे।समिति के संयोजक जितेन्द्र वर्मा ने मुख्यमंत्री को तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए जितेन्द्र वर्मा एवं बोल बम कांवर यात्रा समिति के सदस्यों को आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

### भगवान जगन्नाथ की निकलेगी रथ यात्रा

पाटन। सनातन संस्कृति के संरक्षण, प्रचार-प्रसार एवं जन-जन में भगवान श्री जगन्नाथ के प्रति श्रद्धा और भक्ति का भाव जागृत करने के उद्देश्य से 16 जुलाई से 24 जुलाई तक भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य 7 दिवसीय रथ यात्रा का आयोजन हरे कृष्ण संकीर्तन परिवार महुदा और संस्कार वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। यह पावन रथ यात्रा पाटन क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों अमलेश्वर, महुदा, उफरा, झीट, रूही, तुलसी एवं पाटन में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ निकाली जाएगी।

## निधन

### भागवत साहू

भिलाई। पूर्व बीएसपी कर्मी मॉडल टाउन निवासी भागवत साहू (82वर्ष ) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया।



श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े मामले की निष्पक्ष जांच क्यों नहीं हो रही : पुकेश चंद्राकर

# अंडा में कांग्रेस का प्रदर्शन, श्रीराम मंदिर चढ़ावा प्रकरण की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर के निर्देशानुसार श्रीराम मंदिर, अयोध्या में चढ़ावे की कथित वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष पुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के अटल चौक अंडा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया और हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ कर भाजपा और आरएसएस के सद्बुद्धि की कामना किया गया। प्रदर्शन के माध्यम से श्रीराम मंदिर चढ़ावा प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष पुकेश चंद्राकर ने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों देशवासियों की आस्था के केंद्र हैं। इतिहास में सोमनाथ मंदिर को मोहम्मद गजनवी ने लूटा था। उस समय भी गुजरात का शासन था और आज श्रीराम मंदिर, अयोध्या के चढ़ावे में कथित वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं, तब भी देश का नेतृत्व गुजरात से है। यह एक गंभीर संयोग है, लेकिन उससे भी बड़ा प्रश्न यह है कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े इस मामले की निष्पक्ष जांच क्यों नहीं कराई जा रही है। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) स्वयं को श्रीराम का सबसे बड़ा हितैषी बताते हैं, लेकिन इस प्रकरण पर उनकी चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। यदि वे वास्तव में भगवान श्रीराम के प्रति समर्पित हैं, तो उन्हें भी निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग करनी चाहिए। भगवान श्रीराम किसी एक राजनीतिक दल की धरोहर नहीं, बल्कि पूरे देश की आस्था के प्रतीक हैं। यह जनता के मन में उठ रहे सवालों और अविश्वास को दर्शाता है। लोकतंत्र और धार्मिक संस्थाओं दोनों में जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए पारदर्शिता और जवाबदेही आवश्यक है। जिला उपाध्यक्ष टिकेश्वरी देशमुख ने मंच संचालन करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ अस्वीकार्य है। मंदिरों में चढ़ाया गया दान श्रद्धा का प्रतीक होता है, इसलिए उसकी एक-एक राशि का पारदर्शी हिसाब जनता के सामने रखा जाना चाहिए।

जिला उपाध्यक्ष रिवेंद्र यादव ने कहा कि जो लोग हर चुनाव में भगवान श्रीराम के नाम पर वोट मांगते हैं, वे आज श्रीराम मंदिर से जुड़े गंभीर आरोपों पर मौन क्यों हैं? जनता जवाब चाहती है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव सत्य, पारदर्शिता और जवाबदेही की पक्षधर रही है। श्रद्धालुओं के विश्वास को ठेस पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को राजनीतिक संरक्षण नहीं मिलना चाहिए तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

जिला महामंत्री जामवंत गजपाल ने कहा कि धार्मिक आस्था के नाम पर राजनीति करने वालों को पहले यह बताना चाहिए कि यदि वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं तो जांच से डर क्यों है? सत्य सामने लाने के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच आवश्यक है। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि धार्मिक आस्था से जुड़े मामलों में पूर्ण पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए तथा श्रीराम मंदिर चढ़ावा प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

अंत में प्रदर्शनकारियों ने एक स्वर में मांग की कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कानून के अनुसार दंडित किया जाए तथा धार्मिक संस्थाओं में वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। कांग्रेसजनों ने कहा कि आस्था के नाम पर किसी भी प्रकार की कथित अनियमितता को स्वीकार नहीं किया जाएगा और इस मुद्दे पर लोकतांत्रिक संघर्ष जारी रहेगा।

इस दौरान किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिवेंद्र यादव, निरंजन राजपूत, टिकेश्वरी देशमुख, सरपंच अंडा दिग्विजय सिन्हा, जामवंत गजपाल, प्रदीप चंद्राकर, पिलेश्वर साहू, प्रवीण चन्द्राकर, तेजराम चौहान, अजय कुमार चंद्राकर, किशोर चंद्राकर, पिलेश्वर निर्मलकर, डोमेन्द्र निसाद, अरविन्द चंद्राकर, रोहित साहू, देवराज चतुर्वेदी, तारक राम सिन्हा, देवलाल बेलचन्दन, अलखराम साहू, रामचंद्र साहू, ,गजानंद साहू, रामसिंह चंद्राकर, मीना बाई सूर्यवंशी, मुकेश देवांगन, भोजलाल देशमुख, निशांत चंद्राकर, गौतम चंद्राकर, जय साहू, पालेश्वर ठाकुर, श्यामाचरण मनहर, तारकेश्वर, करण साहू, बिश्वा राम तारक, पूरेश कुमार दिल्लीवार सहित बड़ी संख्या कांग्रेसजन मौजूद रहे।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा - मुद्दे पर लोकतांत्रिक संघर्ष जारी रहेगा




# सुपेला में सड़क पर अवैध अहाता, रोज होता है विवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अवैध रूप से चल रहे सुपेला देशी शराब दुकान के पास चल रहा आहता के चलते सड़क से गुजरने वालों के साथ कई बार शराबियों के साथ झड़प होना आम हो गया है। करीब डेढ़ साल से चल रहे इस अवैध आहते पर अंकुश नहीं है, आहते के कारण राह से निकलने वाले महिला युवतियों के साथ भी शराबियों द्वारा छिंटाकसी भी आम हो चुकी है। सुपेला के देशी शराब दुकान के पास चल रहे अवैध आहता के खिलाफ आसपास के लोगों ने भी शिकायत किया है। लेकिन इस अवैध आहते पर अंकुश अब तक नहीं लग पाया है। इसके पूर्व भी अवैध आहते में शराब पीने के बाद शराबी झूमते हुए सड़क पर निकलते हैं। आने जाने वालों के साथ मारपीट की स्थिति निर्मित होती आई है। सड़क पर ही आहता लगने से हमेशा देर शाम होते ही जाम की स्थिति बनी रहती है। इस अवैध आहता के कारण ही कई बार सड़क से गुजने वालों के साथ मारपीट की भी घटना हो चुकी है। इसे लेकर पुलिस में भी स्थानीय लोगों ने शिकायत किया था लेकिन आहता को लेकर लगाम अब तक नहीं लग पाया है।

- महिलाओं के साथ रोज हो रही छिंटाकशी
- अवैध आहता पर नहीं लग पा रहा है शिकंजा
- आबकारी को राजस्व का नुकसान

### अवैध आहतों से सरकार को नुकसान

सुपेला स्थित सड़क किनारे में अवैध आहता चलाया जा रहा है। जिसे लेकर सरकार को लाखों रुपए का राजस्व का नुकसान हो रहा है। इसके अलावा इस अवैध आहतों में चखना के साथ-साथ शराब पीलाने की व्यवस्था होने से नशे में चूर होकर शराबी निकलते है। सड़क पर चलने वाले लोगों के साथ नशे की हालत में कई बार विवाद भी हो चुका है। यहां से रोज कई जनप्रतिनिधि, पुलिस, आबकारी के अफसरों का गुजरना लगा रहता है। मगर व्यवस्था घटिया बनाकर रखा गया है। इस अवैध आहता के चलते आने वाले दिनों में बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# पाटन ब्लॉक के स्कूलों में शिक्षक की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

जिला शिक्षा विभाग दुर्ग को साय सरकार ने अहम भूमिका प्रदान करते हुए शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को महत्वपूर्ण पद पर सुशोभित किया। इससे जिले के तीनों ब्लॉक के शिक्षा व्यवस्था में सुधार की आस जगी थी। छत्तीसगढ़ सरकार के इस अहम जिम्मेदारी से दुर्ग जिला मॉडल के रूप में स्थापित होगी ये संभावना जिलेवासियों को थी। नए शिक्षा सत्र की शुरुवात से ही बदहाली देखने को लगातार मिल रही है दुर्भाग्य एवं विडंबना की बात है। अतिथि शिक्षक भी दुर्ग में लगातार आंदोलन प्रदर्शन से सरकार का ध्यानाकर्षण में लगे हुए हैं। पाटन ब्लॉक के स्थिति अत्यंत ही दयनीय प्रतीत हो रही है।यह क्षेत्र पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं विपक्षी नेता की भूमिका होने के कारण पाटन को गैर जिम्मेदारना व्यवहार से देखना भाजपा सरकार को मंहगा पड़ सकता है। पाटन ब्लॉक के ग्राम रानीतराई, देवादा में शिक्षकों की कमी के कारण ताला बंदी देखने को मिला।यह तो सिर्फ एक उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत किया गया लेकिन वर्तमान में लगभग प्रत्येक स्कूलों में शिक्षक सहित मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहे है शिक्षा विभाग। स्वामी आत्मानंद स्कूल की स्थिति तो और ही दयनीय होते जा रही है,पालक,विद्यार्थी और शिक्षक सभी परेशान हैं। मुफ्त शिक्षा के नाम पर 1500/का आर्थिक सहयोग लिया जा रहा है।आखिर कहा जा रहा है शिक्षा का स्तर,क्या प्राइवेट स्कूलों को सुदृढ़ बनाने का मैप प्लान तैयार तो नहीं हो रहा है। शिक्षा मंत्री को चाहिए अपने गृह जिला को सरकारी स्कूलों को सुदृढ़ बनाकर छत्तीसगढ़ में नई मिशाल पेश करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने का सुअवसर है।

- नए शिक्षा सत्र की शुरुआत से ही देखी जा रही बदहाली

### पिछले वर्ष की पुनरावृत्ति तो नहीं

“ जिला शिक्षा विभाग को पालक, विद्यार्थियों की कोई चिंता नहीं है, अभी तक पुस्तक, ड्रेस का वितरण लंबित है। कही पिछले वर्ष की पुनरावृत्ति तो नहीं हो रही है।

**अशोक साहू,** पूर्व जिप उपाध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि

### शिक्षा का स्तर घटते जा रहा

“ नि:शुल्क शिक्षा प्रदाय स्वामी आत्मानंद स्कूल को लंबी रकम लेने हेतु बाध्य किया जा रहा है। शिक्षा का स्तर भी लगातार घटते जा रहा है।

**रश्मि भेदप्रकाश वर्मा,** जनपद सदस्य

### चिंता की लकीरे खींच रही

“ शासन योजनाओं से छात्राएं भरपूर लाभान्वित हुई। स्कूल कॉलेज में छात्रों की घटती संख्या चिंता की लकीरे खींच रही है।

कल्पना नारद साहू, जिपं सदस्य

# सेक्टर 8 के ध्वस्त पुल को युवाओं ने कराया अपडेट

भिलाई। सेक्टर 8 के पुलिया भारी बारिश के चलते बुरी तरह ध्वस्त हो गया था। जहां भाजपा पश्चिम मंडल की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। बीते दिनों हुए बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सेक्टर-8, सड़क नंबर 1 ए में स्थित पुलिया भारी बारिश के बहाव को न झेल पाने के कारण पूरी तरह ध्वस्त हो गया। पुलिया स्थानीय मोहल्लेवासियों समेत स्कूल जाने वाले बच्चों के आवागमन का मुख्य जरिया था। पुलिया टूटने की वजह से रात के अंधेरे में कार फंस गई। जिसे स्थानीय निवासियों ने मशक्कत कर सुरक्षित बाहर निकाला। इसे देख राजेश कुमार सिंह, सुबोध सिंह और विक्रांत शुक्ला ने तुरंत भाजपा पश्चिम मंडल के मीडिया प्रभारी रेहान अहमद को सूचना दी। हादसे की आशंका को देखते हुए उन्होंने संज्ञान में लिया और बिना देर किए पश्चिम मंडल के अध्यक्ष गोल्डी सोनी के साथ मिलकर जोन आयुक्त से चर्चा की। नगर निगम प्रशासन ने तुरंत इस पर कार्रवाई शुरू कर पुलिया का संधारण कार्य कराया गया।




# गुरु घासीदास बाबा की हुई महाआरती व पूजा-अर्चना



ओखरा मुरमुन्दा। अहिवारा विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम ओखरा में जय स्तंभ गुरु घासीदास बाबा का महाआरती पूजा-अर्चना किया गया और महा भंडारा का आयोजन किया गया । साथ ही दुर्ग जिला के पंथी कलाकारों का मिलन समारोह रखा गया और पंथी कलाकारों का सम्मान किया गया। इसी के साथ हर सोमवार को शाम 7 बजे जय स्तंभ का पूजा अर्चना किया जाएगा। इसे सफल बनाने के लिए सतनाम युवा संगठन समिति मुरमुन्दा परिक्षेत्र के सदस्य गण समस्त सतनामी समाज और अतिथि गण का ग्रामवासी का सहयोग रहा।

# आईआईएससी बेंगलुरु से स्वर्ण पदक मिला नंदिनी की तनुश्री को



नंदिनी नगर-अहिवारा। क्षेत्र की मेधावी बेटी सुश्री तनुश्री आचार्य ने देश के सर्वोच्च शोध संस्थान, भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु में स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया है। आईआईएससी के दीक्षांत समारोह में तनुश्री को उनके एम.टेक. पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के सम्मानित किया गया। तनुश्री को यह सम्मान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एवं भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन के कर-कमलों दिया गया। तनुश्री आचार्य के पिता शंकर आचार्य भिलाई इस्पात संयंत्र में डिप्टी मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। अपनी बेटी की इस ऐतिहासिक सफलता पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे तनुश्री के समर्पण और गुरुजनों के आशीर्वाद का फल बताया है।

# पाटन को नगर पालिका बनाने उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले के नेतृत्व में नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने आज छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से विधानसभा भवन में सौजन्य मुलाकात कर पाटन नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा प्रदान करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि नगर पंचायत की सामान्य सभा में परिषद के सभी सदस्यों ने नगर की बढ़ती जनसंख्या, निरंतर हो रहे विकास एवं भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से नगर पंचायत को नगर पालिका बनाने का प्रस्ताव पारित किया है। नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने उप मुख्यमंत्री को बताया कि पाटन नगर का लगातार विस्तार हो रहा है। नागरिकों की अपेक्षाओं के अनुरूप मूलभूत सुविधाओं एवं अधोसंरचना विकास के लिए नगर पालिका का दर्जा आवश्यक हो गया है। नगर पालिका बनने से विकास कार्यों को नई गति मिलेगी, संसाधनों में वृद्धि होगी व नागरिकों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रतिनिधिमंडल की मांग को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक प्रक्रिया के तहत सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष निशा सोनी, सभापति केवल देवांगन, जितेन्द्र निर्मलकर, देवेन्द्र ठाकुर, पार्षद अन्नपूर्णा पटेल, संगीता धुरंधर, एल्डरमैन प्रकाश बिजौरा, गंगाप्रसाद देवांगन आदि उपस्थित थे।

# नवमीं की 53 छात्राओं को किया साइकिल वितरण



उतई। शहीद तरुण देशमुख शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोपली में कक्षा 9वीं के छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। छात्राओं से नियमित स्कूल आकर मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील की। इस अवसर पर जनपद सदस्य बिंदु देशलहरे, सरपंच मंजू वर्मा, शाला विकास समिति अध्यक्ष बाबूलाल सपहा, प्राचार्य वीना दुबे, फत्तेलाल वर्मा, अखिलेश चंद्राकर, रमेश वर्मा, टूमन चंद्राकर, अरुण ख़ुटेल आदि उपस्थित थे।

# बीएसपी ने शुरू किया डेंगू सर्वे अभियान

भिलाई। टाउनशिप में मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी डेंगू सर्वे अभियान स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर सर्वे कर रहे हैं। इस दौरान वे संभावित मच्छर प्रजनन स्थलों का सर्वे व उपायों के संबंध में नागरिकों को जागरूक कर रहे रहे हैं। विभाग ने टाउनशिप के सभी नागरिकों से सर्वे दलों को पूर्ण सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग,
पंडरी, रायपुर
जावक क्रमांक :- 638 अपील क्रमांकः FA/258/2025 पेशी दिनांक 24-07-2026
**नोटिस**
डॉ. एम.के. खंडूजा..............................अपीलार्थी
विरुद्ध
भरत राम साहू व अन्य............................उत्तरवादी

अपीलार्थी- डॉ. एम. के. खंडूजा, द्वारा उत्तरवादी क्रमांक 1 (डी)- श्रीमती गीता साहू, उम्र 54 वर्ष, जौजे- लेखराम साहू, निवासी मैत्री नगर, रिसाली, भिलाई, तहसील व जिला- दुर्ग (छ.ग.), उत्तरवादी क्रमांक 1 (ई) श्रीमती सुप्रिया साहू, उम्र 45 वर्ष, जौजे नरेन्द्र साहू, निवासी- मैत्री नगर, रिसाली, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के विरुद्ध जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, दुर्ग (छत्तीसगढ़) के प्रकरण क्रमांक - CC/1588/ 2018 आदेश दिनांक 24-03-2025 को चुनौती देते हुए उपरोक्तानुसार अपील- FA/258/ 2025 प्रस्तुत की गई है। अतः आप उत्तरवादी क्रमांक 1 (डी) श्रीमती गीता साहू एवं उत्तरवादी क्रमांक 1 (ई)- श्रीमती सुप्रिया साहू, को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक-24-07-2026 को आप स्वयं या किसी अधिवक्ता द्वारा जिन्हे अनुदेश दिए गये हो, और जो उक्त अपील से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके, छ.ग. राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, रायपुर (छ.ग.) के समक्ष सुबह 10:30 बजे उपस्थित रहें, उक्त दिनांक को उपस्थित नही होने पर आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण की सुनवाई की जावेगी जिसकी जवाबदारी आप पर होगी। यदि किसी कारण वश दिनांक-24-07-2026 को अवकाश घोषित हो जाता है तो उसके अगले कार्य दिवस में सुनवाई की जावेगी। आज दिनांक-24-06-2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया। माननीय छ.ग. राज्य उपभोक्ता आयोग के आदेशानुसार

(श्रीनिवास तिवारी) रजिस्ट्रार
छ.ग. राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, रायपुर (छ.ग.)

# बालमुनि हंसभद्र ने किया विलक्षण स्मरण शक्ति ‘शतावधान’ का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



विचक्षण जैन विद्यापीठ के प्रज्ञायतन हॉल में विद्यार्थियों के समक्ष आयोजित शतावधान का अद्भुत एवं प्रेरणादायी प्रदर्शन सभी के लिए अविस्मरणीय रहा। इस अवसर पर आचार्य जिनचंद्र सुरिश्वर, भीष्म तपस्वी विराग मुनि, नेपाल केसरी मणिभद्रसूरि, निपुणा मंडल की साध्वी वृंद, विद्यापीठ ट्रस्ट के सदस्य, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था के अध्यक्ष राजेश सावनसुखा ने गुरु भगवंतों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समय में कठोर तप, साधना और आत्मानुशासन के माध्यम से सहस्त्रावधान जैसी विलक्षण स्मरण क्षमता विकसित करने वाले साधक अत्यंत विरले हैं। शतावधान कोई चमत्कार नहीं, बल्कि जैन परंपरा में ज्ञान, ध्यान और आत्मशक्ति के विकास का सजीव प्रयोग है। प्रत्येक आत्मा में असीम संभावनाएँ निहित हैं, जिन्हें उचित साधना, एकाग्रता और संकल्प के माध्यम से विकसित किया जा सकता है। विद्यार्थियों के लिए यह अवसर गुरु भगवंतों की सरलता, नम्रता, अनुशासन और आत्मबल से प्रेरणा लेने का एक अनुपम अवसर रहा। प्रख्यात वक्ता महेन्द्र मुकीम के प्रभावी संचालन में आयोजित इस प्रयोग में विद्यार्थियों ने 20 विभिन्न श्रेणियों में पाँच-पाँच नाम अथवा वस्तुएँ बताईं, जिससे कुल 100 शब्दों का संकलन तैयार हुआ। इसके पश्चात बालमुनि हंसभद्रजी ने मात्र 2 मिनट 38 सेकंड में सभी 100 नाम क्रमवार सुनाकर उपस्थित जनों को आश्चर्यचकित कर दिया। उन्होंने समान समय में सभी नाम उल्टे क्रम में भी सुनाए तथा बीच में किसी भी क्रमांक का नाम पूछे जाने पर तत्काल सटीक उत्तर दिया। बालमुनि के इस अद्भुत स्मरण, एकाग्रता और आत्मशक्ति आधारित प्रदर्शन ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# वाणिज्यिक विवादों के लिए दुर्ग में स्पेशल कोर्ट

## मंत्री गजेंद्र की पहल से दुर्ग को एक और सौगात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग



जिले के उद्यमियों, व्यापारियों एवं औद्योगिक क्षेत्र के लिए राहत भरी खबर है। जिले से संबंधित वाणिज्यिक विवादों की त्वरित सुनवाई एवं शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। केबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव की पहल से दुर्ग में वाणिज्यिक विवादों के त्वरित निपटारे के लिए विशेष न्यायालय की स्थापना होगी।। इसके तहत दुर्ग जिले से उत्पन्न होने वाले वाणिज्यिक मामलों की सुनवाई के लिए एक विशेष न्यायालय नामित करने की प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। विधि एवं विधायी कार्य विभाग से प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार, वर्तमान में द्वितीय सिविल जज (सीनियर डिवीजन), दुर्ग के न्यायालय में होने वाली वाणिज्यिक मामलों की सुनवाई अब चतुर्थ सिविल जज (सीनियर डिवीजन), दुर्ग के न्यायालय में की जाएगी।

### व्यवसाईयों को मिलेगी नई सुविधा

वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम, 2015 की धारा 3 की उपधारा (1), (1-ए), (2) एवं (3) के प्रावधानों के अंतर्गत उक्त न्यायालय को सिविल जज स्तर के विशेष वाणिज्यिक न्यायालय के रूप में नामित करते हुए अधिसूचना जारी करने की कार्यवाही की जा रही है। इस निर्णय से दुर्ग जिले के उद्यमियों, व्यापारियों एवं उद्योगों से जुड़े वाणिज्यिक विवादों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित होगा। साथ ही न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आने से व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा तथा जिले के औद्योगिक एवं व्यावसायिक वातावरण को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायता मिलेगी।

# म्यूल बैंक खातों पर कार्रवाई आठ खाताधारक गिरफ्तार



**भिलाई।** म्यूल खाता को लेकर पुलिस ने आठ खाता धारकों को गिरफ्तार किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि तकनीकी विश्लेषण, बैंक खातों की जांच,डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर साइबर ठगी की रकम को म्यूल बैंक खातों में उपयोग किया जाता था। पुलिस ने बापू नगर, जोन 2, खुर्सीपार निवासी अश्वंश कुमार प्रसाद, शिवाजी नगर चंद्रामा चौक खुर्सीपार सागर राम, वर्धमान हाइट्स, गंजपारा, दुर्ग नितिन सिंघल, इंदिरा नगर, सुपेला अजय कुमार धहरिया, हाउसिंग बोर्ड सोनू कमलाकर पाटने, गोकुल नगर, जामुल राहुल यादव, सुपेला रेखा सिंह (विवेचना में), कैम्प 2 जूही तबस्सुम को पकड़ा गया है। इनके पास से पुलिस ने बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, चेकबुक, सिम कार्ड, मोबाइल फोन और अन्य बैंकिंग दस्तावेज जब्त किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर साइबर अपराध और म्यूल बैंक खातों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। अभियान के तहत थाना छावनी, दुर्ग कोतवाली, एसीसीयू दुर्ग की भूमिका अहम रही है। विवेचना में यह भी पता चला है कि कुछ आरोपियों ने अपने बैंक खाते को 10 से 15 हजार रुपए तक साइबर अपराधियों को बेच दिया था। इसके अलावा बैंकिंग दस्तावेज, सिम कार्ड भी उनके हवाले किया था।

# सीएम मेडिकल कॉलेज में नई ओपीडी नर्सिंग हॉस्टल व एमेनिटी कॉम्प्लेक्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

कचान्दुर स्थित चंदूलाल चंद्राकर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय और उससे संबद्ध अस्पताल में जल्द ही कई नई सुविधाएं जुड़ने जा रही हैं। अस्पताल की व्यवस्थाओं को आधुनिक बनाने और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्र बंध का रि णी समिति और स्वशासी समिति की 11वीं बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता दुर्ग संभाग के आयुक्त एसएन राठौर ने की, जबकि कलेक्टर अभिजीत सिंह भी मौजूद थे। बैठक में सबसे अहम फैसला अस्पताल के सामने एक नए ओपीडी कॉम्प्लेक्स के निर्माण को लेकर लिया गया। इसके साथ ही मरीजों के परिजनों की सुविधा के लिए सराय, रैन बसेरा, मेडिकल स्टोर, कैंटीन और अन्य आवश्यक सेवाओं से युक्त सिविक एमेनिटी कॉम्प्लेक्स भी बनाया जाएगा। मेडिकल कॉलेज के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए नर्सिंग छात्रावास के तीसरे और चौथे तल का निर्माण कराया जाएगा। कॉलेज भवन के दरवाजों और खिड़कियों की मरम्मत भी होगी। शिक्षण व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए एलईडी वॉल पैनल, इंटरैक्टिव पैनल, लेक्चर हॉल के लिए अत्याधुनिक ऑडियो सिस्टम, नए डेस्कटॉप कंप्यूटर और प्रिंटर खरीदे जाएंगे।

■ **प्रबंधकारिणी एवं स्वशासी समिति की बैठक**

मेडिकल शिक्षा और प्रशिक्षण को बेहतर बनाने के लिए स्किल लैब में आधुनिक मैनेकिन उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं एनाटॉमी विभाग के लिए एम्बामिंग मशीन यानी कैडेवर इंजेक्टर भी खरीदा जाएगा, जिससे मेडिकल छात्रों को प्रशिक्षण देने में सुविधा होगी। प्रशासनिक खंड के लिए नए फर्नीचर और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आधुनिक सफाई मशीनें भी खरीदी जाएंगी। अस्पताल के महत्वपूर्ण विभागों, जैसे सेंट्रल लैब, ब्लड बैंक और जीआईसीयू में नए एयर कंडीशनर लगाए जाएंगे, शासकीय फिजियोथैरेपी महाविद्यालय के लिए जिला अस्पताल परिसर में स्थान उपलब्ध कराने सहमति बनी।



















## आज निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा






02



पुष्प वर्षा कर जिनचंद्रसूरिश्वर महाराज ...


## लाइव इवेंट

### हर मनुष्य में आत्मा के रूप में ज्ञानस्तर ज्योति, उसे ही जानना हमारा लक्ष्य



**भिलाई।** कबीर धाम गोकुलनगर पुलगांव दुर्ग में कबीर प्राकट्य महोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण, कबीर साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण और आरती पश्चात भजन, सत्संग के साथ हुई।

संत निकटेश्वर साहेब ने कहा कि हर मनुष्य में आत्मा के रूप में ज्ञानस्वरूप अंतर ज्योति है, उसे ही जानना हमारा लक्ष्य होना चाहिए और यह लक्ष्य सत्संग में संत गुरुजनों के सानिध्य से ही प्राप्त हो सकता है। साध्वी सुबुद्धि साहेब ने कहा कि शरीर छूटने के बाद ही मनुष्य के अच्छे और बुरे कर्मों को याद किया जाता है, कबीर साहेब को हम इसीलिए याद करते हैं क्योंकि उन्होंने संसार में फैली तमाम बुराईयों, पाखंडों, आडंबरों का खंडन कर मनुष्य को सच्ची राह दिखाई।

संत पूर्णेंद्र साहेब ने कहा कि हर प्राणी में जीव होता है लेकिन मनुष्य मात्र में वही जीव आत्मा कहलाती हैं क्योंकि उसी में विवेक का गुण निहित होता है, परंतु आज के मनुष्य का विवेक मर चुका है इसलिए अनादि काल से सांसारिक बंधनों में बंधा है। भजन का अर्थ शांत हो जाना और इसके लिए उसके अपने साथ जो भी अच्छा बुरा हो उसे भूलते चले जाएं।

मुख्य प्रवक्ता संत शीतल साहेब ने कहा कि भजन सत्संग जरूर करना चाहिए क्योंकि उससे विवेक जागृत होता है, अन्यथा वह एक दिखावा ही है। कबीर साहेब को एक सच्चे संत के रूप में है याद करते हैं और हमें सच्चे संत की शरण लेनी चाहिए तभी हम भटकने से बच सकते हैं।

उन्होंने समिति के पदाधिकारियों सदस्यों से आव्हान किया कि इस आश्रम के विकास के लिए शासकीय अनुदान की आशा छोड़ स्वयं निस्वार्थ भाव से आगे आएं। उनके इस आव्हान पर उपस्थित सभी संतों, भक्त गानों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया और अपनी ओर से आर्थिक मदद की घोषणा की।

इस दौरान साध्वी विजयलक्ष्मी, महंत रेखदास साहेब, महंत डेरहा साहेब, भावेश साहू और उनके भजनों में भक्त भक्ति में लीन दिखाई दिये।



## लाइव इवेंट

### 978-79 बैच के सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों का पुनर्मिलन, यादें हुईं ताजा



**भिलाई।** भिलाई के होटल इंपिरियन में 1978-79 उपनिरीक्षक एसआई और सूबेदार बैच के सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों का पुनर्मिलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। लायंस क्लब दुर्ग विज़न के सहयोग से आयोजित इस समारोह में वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दिवंगत साथी मित्रों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। जिसके बाद दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। इस पुनर्मिलन में अविभाजित मध्य प्रदेश (वर्तमान छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश) के कोने-कोने से आए सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों और उनकी धर्मपत्नियों ने हिस्सा लिया। दशकों बाद एक-दूसरे से मिलकर पुराने दिनों की यादें ताजा हुईं।

#### दिवंगत साथियों के परिवारों और वीरांगनाओं का सम्मान

पुनर्मिलन समारोह का सबसे भावुक और मुख्य आकर्षण देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले भिलाई नगर के शहीद युवा लेफ्टीनेंट कर्नल कपिल देव पांडेय की माता कुसुम पांडेय का सम्मान रहा, जिन्हें विधायक रिकेश सेन ने शॉल व श्रीफल भेंट कर नमन किया। इसके साथ ही, बैच के दिवंगत पुलिस अधिकारियों की पत्नियों को उनके पतियों के तैलचित्र भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे माहौल काफी भावुक हो उठा।

#### छत्तीसगढ़ी संस्कृति की दिखी अनूठी झलक

समारोह में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों की पत्नियों का सम्मान छत्तीसगढ़ की पारंपरिक और पर्यावरण-अनुकूल धान से निर्मित आकर्षक आभूषणों' से किया गया। वहीं, सभी सहभागी सेवानिवृत्त अधिकारियों को बस्तर की कला संस्कृति को दर्शाने वाला आदिवासी लोकनृत्य का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

समारोह के अंतिम चरण में खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गायक सुरेश दूबे ने अपनी शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। मधुर भजनों और तरानों के बीच यह यादगार शाम देर रात संपन्न हुई।

---

● शासन के आदेश से समय में बदलाव, ' 'ट्विनसिटी में निकलेगी विभिन्न स्थानों से भव्य रथयात्रा, जगह-जगह होगा स्वागत

# आज शहर में गूंजेगा जय जगन्नाथ, गाजे-बाजे के साथ अपने भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकलेंगे महाप्रभु

**भिलाई।** आषाढ़ माह की शुक्ल पक्ष द्वितीया को मनाए जाने वाला भगवान श्री जगन्नाथ का पवित्र पर्व रथयात्रा गुरुवार यानी आज ट्विनसिटी में धूमधाम से निकाली जाएगी। इसमें प्रमुख रूप से सेक्टर 4 और सेक्टर 6 जगन्नाथ मंदिर, कोसानाला मंदिर, दुर्ग किल्ला मंदिर, आमदी धर्मशाला सहित सभी जगन्नाथ मंदिरों से गाजे-बाजे के साथ निकाली जाएगी। मान्यतानुसार महाप्रभु 14 दिन बाद स्वस्थ होकर नगर भ्रमण करते हुए अपने भक्तों को साक्षात दर्शन देंगे। जिसके बाद वे अपनी मौसी गुंडिचा के घर 9 दिनों तक रहेंगे। शासन के आदेश अनुसार समय में परिवर्तन किया गया है। भिलाई से दुर्ग तक पांच प्रमुख स्थानों से भव्य रथयात्रा निकलेगी, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। रथ खींचना, महाआरती, भजन-कीर्तन और महाप्रसाद के साथ पूरा शहर भक्ति में डूब जाएगा।



### सेक्टर-6 जगन्नाथ मंदिर दोपहर 3 बजे निकलेगी यात्रा

सेक्टर-6 स्थित जगन्नाथ मंदिर से रथयात्रा दोपहर 3 बजे प्रारंभ होगी। आयोजकों ने सभी भक्तों से अनुरोध किया है कि वे मंदिर प्रांगण में 2 बजे तक पहुंच जाएं। इस वर्ष रथ का छेहरा पंहरा राजनांदगांव के बर्फानी धाम से पधार रहे महामंडलेश्वर गोविंद गिरी महाराज द्वारा किया जाएगा। समिति ने अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में भक्त रथ खींचकर पुण्य लाभ अर्जित करें। यात्रा सेक्टर-6 जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर शनैश्वर धाम शनिमंदिर के सामने से गुजरेगी और गुडीचा मंडप सेक्टर-6 पहुंचेगी।

### शनैश्वर धामः पुष्प वर्षा और महाआरती

शनैश्वर धाम शनि मंदिर सेक्टर-6 परिसर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रथयात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। मंदिर समिति द्वारा पुष्पों की वर्षा और आतिशबाजी के साथ महाप्रभु का स्वागत होगा। रथ शनि मंदिर के सामने रुकेगा जहां समिति के सदस्य और भक्त महाआरती करेंगे। इसके बाद महाभोग वितरित किया जाएगा। शाम 5.30 बजे से अंचल के प्रसिद्ध कलाकार डॉ. प्रदीप कुंडू और उनकी टीम द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। जो भक्त रथ खींचना और आरती में शामिल होना चाहते हैं वे संध्या 5.30 बजे शनि मंदिर पहुंचकर दर्शन और महाप्रसाद ग्रहण कर सकते हैं।

### एबीयूएस का महाप्रसाद

इस अवसर पर सिविक सेंटर चौक में अखिल भारतीय उड़िया समाज द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रथयात्रा पर्व पर महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। 16 जुलाई की शाम सिविल सेंटर चौक भिलाई से महाप्रसाद वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष जेएम तांडी के नेतृत्व में होगा। जिसमें जिले से सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहेंगे।

### इस्कॉन दुर्ग बैगापारा से निकलेगी यात्रा



इस्कॉन दुर्ग के तत्वावधान में बैगापारा स्थित अग्रवाल धर्मशाला से भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा महारानी की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। धार्मिक आस्था से ओतप्रोत इस महोत्सव में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होंगे। महोत्सव का शुभारंभ वैदिक विधि-विधान से स्थापना के साथ होगा। इसके पश्चात सुसज्जित रथ में विराजमान भगवान की नगर भ्रमण यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के दौरान भगवान को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे। आयोजन के प्रमुख आकर्षण 108 दीपों से महाआरती, गौर आरती, भव्य हरिनाम संकीर्तन, महाप्रसाद वितरण और भक्ति सिद्धार्थ स्वामी महाराज के श्रीमुख से आध्यात्मिक कथा रहेंगी। पूरे आयोजन के दौरान हरे कृष्ण महामंत्र से वातावरण भक्तिमय रहेगा। जी. अनंत श्याम प्रभु ने सभी से सपरिवार शामिल होने को कहा है।

### आमादी धर्मशाला, 83 साल पुरानी परंपरा



शहर के रेलवे स्टेशन स्थित आमादी धर्मशाला से भी दोपहर 3 बजे रथयात्रा निकलेगी। यह परंपरा 1940 से लगातार निभाई जा रही है यानी 83 वर्षों से आस्था की यह कड़ी चली आ रही है। आयोजन राजा माधोप्रसाद चंद्राकर एवं गजरा बाई चंद्राकर ट्रस्ट विजयी न्यास द्वारा किया जा रहा है। रथयात्रा आमादी मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुन मंदिर पहुंचेगी। आयोजन में जनप्रतिनिधि, समाजजन और चंद्राकर परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल होंगे। प्रशासन ने सभी रथयात्राओं के लिए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। भक्तों से अनुरोध है कि वे समय से पहुंचकर अनुशासन के साथ आयोजन में शामिल हों।

---

## ढवले और बाला का उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए सम्मान



**भिलाई।** मूलनिवासी कला साहित्य और फिल्म फेस्टिवल की ओर से विज्ञान आश्रम में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जल संसाधन विभाग छत्तीसगढ़ में 37 वर्षों की शानदार शासकीय सेवा के पश्चात सहायक अभियंता के पद से सेवानिवृत्त हुए सामाजिक कार्यकर्ता अशोक ढवले तथा आई आई टी खड़गपुर से मेटलर्जी में एम टेक कर सेल-भिलाई स्टील प्लांट की नौकरी से 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होने जा रहे महाप्रबंधक बिनितोष बाला का शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

अशोक कुमार ढवळे ने भिलाई सहित पूरे छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में अनेक स्थानों पर बाबासाहेब अंबेडकर की मूर्ति स्थापना में अग्रणी भूमिका निभाई गई है। इसके साथ ही उन्होंने अनेक स्थानों पर सामुदायिक जागरूकता भवनों, बुद्ध भूमि एवं धम्म भूमि के विकास में अतुलनीय योगदान दिया है। वर्तमान में वे डॉ अम्बेडकर सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्टेशन मरोदा भिलाई के पुनर्निर्माण में सक्रिय रूप से दिन रात जुटे हुए हैं। इन कार्यों में उनकी जीवनसाथी कुंदा ढवले भी कंधे से कंधा मिलाकर साथ दे रही है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि कर्मवीर महादेव कावरे आईएएस ने ढवले और बाला के सामाजिक कार्यों की सरहाना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया। सम्मानित हुए व्यक्तित्वों के बारे में मूलनिवासी फिल्म फेस्टिवल के अध्यक्ष एल उमाकांत तथा अम्बेडकर एक्जीक्यूटिव फ्रेटरनिटी के पूर्व अध्यक्ष एवं डॉ अम्बेडकर सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्टेशन मरोदा भिलाई के पुनर्निर्माण समिति के अध्यक्ष प्रभाकर खोबरागड़े, उदय खरात, एस पी निगम, डॉ वाय के सोना, रतन गोंडाने, प्रेमचंद साव एवं डॉ विजय शर्मा ने भी संबोधित किया। अंत में विज्ञान आश्रम कसेकेरा की ओर से उषा मेश्राम ने सभी उपस्थित साथियों को धन्यवाद देते हुए आभार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर डॉ सरस्वती, रजनी खरात, सुनीता खोबरागड़े, अर्चना निगम, विदिशा बाला, नंदा ढ़वले, रेखा गोंडाने, संघमित्रा सोमकुंवर, स्मिकी पधान, सोनिया भोई, लता चंद्राकर, हेमलता चक्रधारी एवं बम्लेश्वरी चक्रधारी, प्रदीप सोमकुंवर, सोनू टंडन एवं मनोज नायक की सहभागिता में आयोजन संपन्न हुआ।

## शासकीय पॉलीटेक्निक दुर्ग में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि आज




**दुर्ग।** उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक दुर्ग में प्रवेश के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 16 जुलाई निर्धारित है। वर्तमान में संस्था में प्रवेश कार्य सम्पादित किया जा रहा है, वेबसाईट पर विद्यार्थी अपना पंजीयन करा सकते हैं। संस्थान में सिविल, कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल, आईटी, मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, धातुकर्म सहित विभिन्न शाखाओं में करीब 69 सीटें रिक्त हैं। पॉलीटेक्निक द्वारा विगत कई वर्षों से विद्यार्थियों को केम्पस साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार के अवसर प्रदान कराया जाता है। प्राचार्य पीके पाण्डेय ने बताया कि संस्थान में टाटा स्टील, जिंदल स्टील, एमआरएफ सहित कई प्रतिष्ठित कंपनियां कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से 2.5 लाख से 4.5 लाख रुपए वार्षिक पैकेज पर विद्यार्थियों का चयन करती हैं। प्रवेश प्रक्रिया 22 जुलाई तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूरी की जाएगी।

---

लीनेस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी ने आकांक्षा मिश्रा के नेतृत्व में सेवा कार्यों की लगाई झड़ी

## स्कूल में सेवा का प्रेरक अभियान, बच्चों को बांटी शैक्षणिक सामग्री, खिल उठे चेहरे

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** सर्वे भवन्तु सुखिन की भावना को साकार करते हुए लायनेस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी ने अपने गोद लिए गए शासकीय प्राथमिक शाला पोटिया कला में शैक्षणिक सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों को कॉपी, पेंसिल, स्केल, शार्पनर और इरेजर का सेट दिया गया। सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में सेवा और संवेदनशीलता का अनुकरणीय संदेश दिया गया।

### शिक्षा ही सबसे बड़ी पूंजी

आकांक्षा मिश्रा क्लब अध्यक्ष आकांक्षा मिश्रा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने बच्चों से अध्ययन सामग्री का सदुपयोग करने, नियमित स्कूल आने, अनुशासन का पालन करने और माता-पिता व शिक्षकों का सम्मान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आज का शिक्षित और संस्कारित बालक ही कल आदर्श नागरिक बनकर राष्ट्र के विकास में भूमिका निभाएगा। एक बच्चे के हाथ में कॉपी-पेंसिल पहुंचना उसके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखना है।



### अतिथियों ने बच्चों से किया आत्मीय संवाद

कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन एजुकेशन विभा गुप्ता, माइक्रो चेयरपर्सन सीमा गुप्ता, सचिव बरखा बैस, कोषाध्यक्ष ऋतु ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष ली. लक्ष्मी चंद्राकर और विद्यालय की पूर्व प्राचार्य विजयलक्ष्मी ठाकुर उपस्थित रहीं। सभी ने बच्चों से बातचीत की, उनका परिचय जाना, सपनों और रुचियों के बारे में पूछा और उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर बच्चों को बिस्कुट और चॉकलेट भी वितरित किए गए।

विद्यालय प्राचार्य संध्या साहू ने लायनेस क्लब के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाओं का सहयोग विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाने के साथ शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल बनाता है।उन्होंने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### सेवा को बना रही हैं पहचान

पिछले कुछ वर्षों से क्लब से जुड़ी महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, खेल और महिला सशक्तिकरण में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। आकांक्षा मिश्रा के नेतृत्व में पिछले 2-3 सालों में सेवा कार्यों की प्रेरक श्रृंखला चली है। वक्ताओं ने कहा कि समाज को ऐसे सेवा-समर्पित व्यक्तित्वों की जरूरत है। निस्वार्थ मानव सेवा ही सबसे बड़ी उपासना है। यदि शासन-प्रशासन ऐसे कार्यों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करे तो हजारों लोग प्रेरित होंगे।



## सिटी इवेंट

# शिविर में दुर्ग ब्लड बैंक को मिली 61 यूनिट रक्त





**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय दुर्ग के ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए बुधवार को आरवी ग्रुप, शिवपारा दुर्ग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 61 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जिसे जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक को उपलब्ध कराया गया। इस पहल से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

रक्तदान शिविर का आयोजन आरवी ग्रुप के संरक्षक रवि सोनकर, अध्यक्ष मुकेश ढीमर, सलाहकार शंभू राठौर तथा उनके साथियों के सहयोग से किया गया। शिविर की सबसे खास बात यह रही कि आरवी ग्रुप के सलाहकार शंभू राठौर ने इस अवसर पर अपना 123वां रक्तदान किया। उनके इस योगदान की सभी ने सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। शिविर के दौरान ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. संत राम चुरेंद्र, काउंसलर टीएस एंथोनी, नर्सिंग ऑफिसर सती गुप्ता, लैब टेक्नोलॉजिस्ट रोशन सिंह, लैब टेक्नीशियन मधुसूदन देवांगन, हिमांशु चंद्राकर एवं माला देशमुख मौजूद थे। इस अवसर पर रक्तदान के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। विशेषज्ञों ने बताया कि एक स्वस्थ पुरुष हर तीन महीने में, यानी वर्ष में चार बार रक्तदान कर सकता है, जबकि स्वस्थ महिलाएं हर चार महीने में, यानी वर्ष में तीन बार सुरक्षित रूप से रक्तदान कर सकती हैं। चिकित्सकों ने लोगों से नियमित और स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान जीवनदान है। एक यूनिट रक्त कई मरीजों के उपचार में उपयोगी साबित हो सकता है और किसी की जान बचाने का माध्यम बन सकता है।

## इवेंट लाइव

# भिलाई में 21 जुलाई को होगा द पोस्टमास्टर का मंचन



- आयोजन समिति की बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप
- रवीन्द्रनाथ ठाकुर की कहानी पर आधारित नाटक प्रस्तुत करेगा कोलकाता का थियेटर शाइन

**भिलाई।** कला-साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ कवच और गीतवितान कला केंद्र हुडको के संयुक्त तत्वावधान में 21 जुलाई को प्रगति भवन, सिविक सेंटर भिलाई में होने वाली हिंदी नाट्य प्रस्तुति द पोस्टमास्टर की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। बैठक में कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा कर अंतिम रूप दिया गया।

बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार और रंगकर्मी डॉ. डीपी देशमुख ने की। इसमें प्रवेश पास वितरण, अतिथि आमंत्रण, दर्शक व्यवस्था और कार्यक्रम संचालन सहित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। बैठक में कवच और गीतवितान कला केंद्र के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। आयोजकों के अनुसार, द पोस्टमास्टर विश्वकवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर की प्रसिद्ध कहानी पर आधारित हिंदी नाट्य प्रस्तुति है।

इसमें पूर्वी भारत की लोक और पारंपरिक पटचित्र कला शैली का समावेश किया गया है। देश के विभिन्न शहरों में इस नाटक के करीब 50 सफल मंचन हो चुके हैं। यह प्रस्तुति कोलकाता के प्रतिष्ठित रंगदल थियेटर शाइन द्वारा दी जाएगी। आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में ऑफिसर्स एसोसिएशन, सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक नरेन्द्र बंछोर तथा पूर्व महासचिव एवं महाप्रबंधक परविंदर सिंह का विशेष सहयोग मिल रहा है। कार्यक्रम 21 जुलाई को शाम 7 बजे प्रगति भवन, ऑफिसर्स एसोसिएशन, सिविक सेंटर, भिलाई में शुरू होगा। आयोजकों ने बताया कि मंचन शुरू होने के बाद प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। बैठक में शक्तिपद चक्रवर्ती, मणिमय मुखर्जी, बबलू बिस्वास, शांतनु दासगुप्ता, चंद्रा बनर्जी, मिथुन दास आदि उपस्थित थे।

# लंगूरवीर मंदिर में होगा शिखर ध्वजारोहण महापौर करेंगी नया ध्वजा अर्पित

**दुर्ग।** भगवान श्री लंगूरवीर मंदिर, शनिचरी बाजार, दुर्ग पब्लिक ट्रस्ट द्वारा भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के अवसर पर गुरुवार की सुबह 9 बजे मंदिर में वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार शिखर ध्वजारोहण का आयोजन किया गया है। इस धार्मिक आयोजन की मुख्य अतिथि नगर निगम दुर्ग की महापौर अलका बाघमार होंगी। कार्यक्रम के दौरान मंदिर के शिखर पर स्थापित पुरानी ध्वजा को विधि-विधान के साथ उतारकर नई ध्वजा चढ़ाई जाएगी। परंपरा के अनुसार शिखर पर नई ध्वजा का ध्वजारोहण महापौर श्रीमती अलका बाघमार द्वारा संपन्न होगा। मंदिर समिति के सचिव रविशंकर ढीमर ने बताया कि यह ध्वजारोहण वर्षों से चली आ रही धार्मिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे हर वर्ष जगन्नाथ रथयात्रा के शुभ अवसर पर श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया जाता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से इस पावन आयोजन में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

● दिखी जैन समाज की एकता, श्वेताम्बर जैन संघों एवं दिगम्बर जैन समाज ने एक साथ की सहभागिता

# पुष्प वर्षा कर जिनचंद्रसूरिश्वर महाराज और साधु भगवंतों का हुआ चातुर्मासिक मंगल प्रवेश

**भिलाई।** धर्म नगरी दुर्ग बुधवार को आध्यात्मिक उल्लास और भक्ति से सराबोर हो उठी। परम पूज्य आचार्य भगवंत श्री जिनचंद्रसूरिश्वर महाराज साहब और उनके साथ विराजमान 6 साधु भगवंतों का भव्य चातुर्मासिक मंगल प्रवेश हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता दुर्ग जैन समाज की ऐतिहासिक एकता रही। श्वेताम्बर और दिगम्बर दोनों सम्प्रदाय एक मंच पर आए और सामाजिक समरसता का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। मंगल प्रवेश यात्रा में केवल दुर्ग ही नहीं, बल्कि रायपुर, भिलाई, राजनांदगांव, राजिम, दल्लीराजहरा, बालोद, बालाघाट, धमतरी सहित अनेक नगरों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की।



### सदर मंदिर से नवकार भवन तक निकली शोभायात्रा

मंगल प्रवेश यात्रा सुबह 8.15 बजे सदर जैन मंदिर दुर्ग से प्रारंभ होकर नवकार भवन, ऋषभ नगर दुर्ग तक निकाली गई। इस दौरान पूरा मार्ग जय जिनेन्द्र के जयघोष, धार्मिक भजनों और गाजे-बाजे से गूंजता रहा। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर समाजिकजनों द्वारा पूज्य गुरुदेव का केसर वर्षा, पुष्पवर्षा और भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धा और भक्ति का ऐसा सुंदर दृश्य देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। केवल दुर्ग ही नहीं बल्कि रायपुर, भिलाई, राजनांदगांव, राजिम, दल्लीराजहरा, बालोद, बालाघाट, धमतरी सहित अनेक नगरों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे और गुरुदेव के दर्शन-वंदन का लाभ लिया।





### समाज ने जताया आभार

आयोजन समिति ने इस आयोजन में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी समाजों, संस्थाओं, पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। समिति ने कहा कि यह अभूतपूर्व एकता भविष्य में भी समाज को नई दिशा और नई ऊर्जा प्रदान करेगी। इससे दुर्ग-भिलाई में धार्मिक और सामाजिक समरसता और अधिक सुदृढ़ होगी। चार माह तक चलने वाले इस चातुर्मास में आचार्य श्री और साधु भगवंत धर्मसभा, प्रवचन एवं धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से समाज को मार्गदर्शन देंगे।

### एकता की मिसाल बना आयोजन

इस मंगल प्रवेश की सबसे उल्लेखनीय बात दुर्ग जैन समाज की एकजुटता दिखाई दी। श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ के साथ-साथ दुर्ग के समस्त श्वेताम्बर जैन संघों एवं दिगम्बर जैन समाज ने एक साथ मिलकर सहभागिता निभाई। सभी समाजों के पदाधिकारी, वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा और बच्चों ने मिलकर गुरुदेव का स्वागत किया। यह आयोजन दुर्ग के लिए सामाजिक सद्भाव और जैन समाज की एकता का प्रतीक बन गया। यह संयुक्त मंगल प्रवेश ओसवाल पंचायत दुर्ग की अपील और सभी जैन संघों के पदाधिकारियों के सक्रिय सहयोग से संभव हो सका। उपस्थित समाजजनों ने इसे दुर्ग के सामाजिक और धार्मिक इतिहास का अविस्मरणीय क्षण बताया। धर्मसभा में दिया प्रवचनमंगल प्रवेश के पश्चात नवकार भवन ऋषभ नगर में धर्मसभा आयोजित की गई। श्रद्धालुओं ने गुरुवंदना की। इसके उपरांत परम पूज्य आचार्य भगवंत जिनचंद्रसूरिश्वर जी महाराज साहब ने प्रेरणादायी प्रवचन दिए। गुरुदेव ने अपने उद्बोधन में धर्म, संयम, सदाचार, आत्मकल्याण और मानव जीवन के उच्च आदर्शों का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि चातुर्मास का समय साधना, तपस्या और आत्मचिंतन का समय होता है। इस अवधि में जीवन में संयम और सदाचार को अपनाकर आत्मा का कल्याण किया जा सकता है।कार्यक्रम का समापन मांगलिक पाठ के साथ हुआ। इसके बाद उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने गौतम प्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

## प्रतिभावान छात्र सम्मानित

# शहीदों की याद में किया पौधरोपण, 50 पौधे रोपे, वृक्षमित्रों का हुआ सम्मान



**भिलाई।** नई सोच सामाजिक संस्था द्वारा ग्राम गिधवा में वृक्षारोपण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन कोरकोट्टी मानपुर में शहीद हुए तत्कालीन पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार चौबे सहित 29 जवानों की स्मृति में किया गया। समारोह भारती साहू जिला मंत्री भाजपा भिलाई, बालाराम साहू सेवा निवृत्त प्रधान पाठक उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शीतला की आरती से हुआ। भारती साहू ने पर्यावरण संतुलन बिगड़ने, वर्षा में कमी, तापमान में वृद्धि और भू-जल स्तर में गिरावट पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इन सभी समस्याओं का एक ही समाधान वृक्षारोपण है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से मां के नाम एक पेड़ अभियान से जुड़कर ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करने अपील की। कार्यक्रम अध्यक्ष बालाराम साहू ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वीर जवानों की वजह से हमारी सीमाएं सुरक्षित हैं। उनकी याद में वृक्षारोपण और प्रतिभा सम्मान किया जाना प्रशंसनीय है। चन्द्रकुमार साहू सेवा निवृत्त क्रीड़ा अधिकारी ने वृक्षारोपण की आवश्यकता बताई और छात्रों को उच्च लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी।

उन्होंने घोषणा की कि अगले वर्ष से 10वीं और 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 5-5 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। वृक्षों के बिना वर्षा और शुद्ध वायु असंभव है। संस्था संस्थापक चन्द्रभूषण साहू सहायक उपनिरीक्षक छ.ग. पुलिस ने बताया कि संस्था 2017 से लगातार वृक्षारोपण कर रही है। कोरोना काल में भी यह क्रम जारी रहा। कार्यक्रम में कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले माधवी साहू, लक्ष्य कुमार साहू, समीर वर्मा एवं शिखा साहू को प्रोत्साहन राशि और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वृक्षमित्र अजय साहू और राजेन्द्र साहू को वृक्षों की देखभाल के लिए शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में अतिथियों, संस्था सदस्यों, महिला समूह, शीतला समिति और ग्रामवासियों ने वृक्षारोपण किया। नीम, बरगद, पीपल, करंज, जामुन, कदम के 50 पौधे रोपे गए और 100 पौधे वितरित किए गए।

## अवसर

# पॉलीटेक्निक दुर्ग में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि आज




- केम्पस साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार के अवसर प्रदान कराया जाता है

**भिलाई।** उदय शासकीय पॉलीटेक्निक दुर्ग में प्रवेश के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 16 जुलाई 2026 निर्धारित है। वर्तमान में संस्था में प्रवेश कार्य सम्पादित किया जा रहा है, वेबसाईट https://cgdte.admissions.nic.in पर विद्यार्थी अपना पंजीयन करा सकते हैं।

संस्थान में सिविल, कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल, आईटी, मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, धातुकर्म सहित विभिन्न शाखाओं में करीब 69 सीटें रिक्त हैं। पॉलीटेक्निक द्वारा विगत कई वर्षो से विद्यार्थियों को केम्पस साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार के अवसर प्रदान कराया जाता है। प्राचार्य पी.के. पाण्डेय ने बताया कि संस्थान में टाटा स्टील, जिंदल स्टील, एमआरएफ सहित कई प्रतिष्ठित कंपनियां कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से 2.5 लाख से 4.5 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर विद्यार्थियों का चयन करती हैं। प्रवेश प्रक्रिया 22 जुलाई तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूरी की जाएगी।

## टीचर्स एसोसिएशन ने किया होनहार बच्चों का सम्मान, हाजियों का इस्तकबाल भी किया

कार्नर न्यूज

# इकरा की कोशिशों से होनहारों को मिल रही तालीम की रोशनी, संवर रहा भविष्य

**भिलाई।** इकरा टीचर्स एसोसिएशन की ओर से मुस्लिम समुदाय के होनहार बच्चों का सम्मान समारोह गैलेक्सी बैंक्वेट हॉल जुनवानी रोड में आयोजित किया गया। ...मौके पर 10वीं और 12वीं ...फीसदी और उससे ... अंक लाने वाले 60 से ...ा होनहार बच्चों को अतिथियों ने सम्मानित किया। इस मौके पर तमाम अतिथियों के साथ इकरा की पहल पर उच्च शिक्षा हासिल कर करियर में सफल युवाओं ने भी अपनी बात रखी। इन युवाओं ने इकरा की इमदाद के लिए आभार जताया। आयोजन के मुख्य अतिथि अरामको सऊदी अरब के पूर्व एग्जीक्यूटिव एडवाइजर हाजी शम्सुद्दीन ने इकरा के काम की सराहना करते हुए कहा कि इनकी वजह से कई घरों के बच्चों ने बेहतर तालीम के जरिए अपनी जिंदगी सवारी है। उन्होंने संस्था की इमदाद से आला तालीम हासिल कर रहे युवाओं से अपील की कि आगे जब आप कामयाब हो जाएं तो अपने से कमजोर लोगों का जरूर साथ दें उन्हें आगे बढ़ाएं।



### बच्चों को करियर से जुड़ी जरूरी दी हिदायतें

आयोजन में विशिष्ट अतिथि मजहर अनीस जीएम बीएसपी, शमी अख्तर फारूकी एजीएम बीएसपी, एजाजुद्दीन आरएंडडी रूंगटा कॉलेज आर-1, मोहम्मद साजिद अंसारी एडमि. डायरेक्टर रूंगटा कॉलेज आर-2, फ़ैय्याजुद्दीन, हाजी हमीदुल्ला सिद्दीकी सदर, बैतुलमाल कमेटी भिलाई, जिल्लुर रहमान-सदर, दारुल क़ज़ा, नसीम खान रिटायर्ड एमपीईबी डीई ने भी अपनी बात रखी और बच्चों की हौसला अफजाई की। एसोसिएशन के सरपरस्त डॉ. आर. ए. सिद्दीकी नेत्र विशेषज्ञ एक्स डायरेक्टर हेल्थ सर्विसेज मप्र. और क्यू. ए. खान रिटायर्ड अपर कलेक्टर- दुर्ग ने बच्चों को करियर से जुड़ी जरूरी हिदायतें दी। सदारत कर रहीं समीना फारुक़ी और फखरुद्दीन फारूक़ी ने भी बच्चों को संबोधित किया। आयोजन का संचालन रौनक जमाल ने किया।

### हज से लौटे खुशकिस्मतों ने नवाजा दुआओं से

इस साल हज्जे बैतुल्लाह के मुबारक सफर से लौटने भिलाई के कुछ हाजियों का इकरा तंजीम की ओर से इस्तकबाल किया गया। इन सभी हाजियों ने तालीम को बढ़ावा देने संस्था के कामकाज को सराहा और आगे भी तरक्की के लिए दुआएं की। इनमें हाजी समी अख्तर फारुकी, हाजी अजमेर खान, हाजी एचएस कोया साहब, हाजी युनूस अली, हज्जन सादिया फारुकी, हज्जन शायना परवीन और हज्जन अहलिया कोया शामिल हैं।

### 75 फीसदी से ज्यादा अंक लाने वाले बच्चों का हुआ इस्तकबाल

इस मौके पर होनहार बच्चों का सम्मान किया गया। दसवीं बोर्ड में 75 फीसदी से ज्यादा अंक लाने वाले होनहारों में अलिना जागीरदार (97.37), अब्दुल खादिर जहां (95.16), फाइजा खान (93.6), जारा अली (92.6), शादाब अहमद (92.01), नौशीन अंसारी (91.5), माहीम सिद्दीकी (91.5), तबस्सुम फातिमा (89),आइजा अफशीं (89.6), मुहम्मद अरफाज कुरैशी (89.3),तहमीना खान (88.83), अयाना फातिमा (86), सैयद असजाद अली (85.5), इसरा खान (85),शाहाब अहमद (84.50), आलिया परवीन (83.6),सुहैब अंसारी (83.16),अलफिया परवीन (83),तौसिफ खान (82.5),रिजा खान (82.5),महताब खान (81.6),ओवैस अली खान (81), कनीज अलीशा (80.5), मोहम्मद समीर (80.16), सदफ सुजान (79), मोहम्मद अमीरुल हसन (76.5),नाजिया (75.5), आदि सम्मानित किए गए।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एंजेलिना और ब्रैड की बेटी ने हटाया पिता का सरनेम, बदलेंगी अपना नाम



हॉलीवुड एक्ट्रेस एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट का तलाक हुए लगभग 10 साल हो चुके हैं। हाल ही में इनकी गोद ली हुई बेटी जहारा ने पिता का सरनेम अपने नाम से अलग कर लिया है। इसके लिए कानूनी प्रक्रिया का सहारा लिया है। एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की बेटी जहारा की उम्र 21 साल है। हाल ही में जहारा ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने ब्रैड पिट का सरनेम अपने नाम से अलग कर लिया है। इससे पहले उनकी बहन शिलोह और भाई मैडॉक्स भी ऐसा कर चुके हैं। ब्रैड पिट का सरनेम अपने नाम से जहारा ने कानूनी प्रक्रिया के तहत हटाया है। टीएमजेड को मिले अदालती दस्तावेजों के मुताबिक जहारा ने कैलिफोर्निया के कानून के हिसाब से लगातार चार हफ्तों तक लॉस एंजिल्स डेली जर्नल में अपना नाम बदलने की अर्जी का नोटिस छपवाया। यह नोटिस 16 जून, 23 जून, 30 जून और 7 जुलाई को छपे थे। जहारा ने जून में अपना नाम कानूनी तौर पर जहारा मार्ले जोली पिट से बदलकर जहारा मार्ले जोली करने के लिए कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। अगर कोई इस अर्जी का विरोध करना चाहता था तो उसे अंतिम सुनवाई से पहले लिखित आपत्ति दर्ज करानी होगी। यह सुनवाई 28 सितंबर को होनी है। अगर कोई आपत्ति नहीं उठाई जाती है, तो जज द्वारा नाम बदलने की मंजूरी मिल जाएगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ब्रैड पिट का मानना है कि बच्चों के साथ उनके खराब रिश्ते के लिए एंजेलिना जोली जिम्मेदार हैं। साल 2016 में बैड पिट और एंजेलिना जोली ने तलाक लिया था। यह तलाक हॉलीवुड में सबसे ज्यादा चर्चा में रहा।

### टॉलीवुड

## जूनियर एनटीआर ने की फहाद की 'डोंट ट्रबल द ट्रबल' के टीजर की तारीफ



तेलुगु इंडस्ट्री में फहाद फासिल की डेब्यू फिल्म 'डोंट ट्रबल द ट्रबल' का पहला टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म में फहाद एक जादूगर के रोल में हैं, जो एक छोटी बच्ची के साथ रहता है। मजाकिया जादू के तौर पर शुरू हुई चीज कुछ ऐसी बन जाती है, जिससे बच्ची को अलौकिक शक्ति मिल जाती है। फिल्म में फहाद का लुक बहुत शानदार है। इसलिए तेलुगु एक्टर जूनियर एनटीआर ने उनकी तारीफ करते हुए एक नोट पोस्ट किया। जूनियर एनटीआर ने एक्स पर लिखा, 'डोंट ट्रबल द ट्रबल का टीजर बहुत मजेदार और दिल को छू लेने वाला है।

फहाद सर कमाल के हैं और प्यारी सी सारा बहुत क्यूट है।' 'डोंट ट्रबल द ट्रबल' को शशांक येलेटी ने डायरेक्ट किया है। डायरेक्टर की तारीफ करते हुए जूनियर एनटीआर ने लिखा, 'शशांक मुझे पता है कि तुम कितने साल से इस पल का इंतजार कर रहे थे। तुम्हारे जुनून और सब्र का फल अब मिल रहा है, भाई। कार्तिकेय, प्रोड्यूसर के तौर पर तुम्हारी पहली फिल्म के लिए बधाई। हमने जितनी बार बात की है और तुम्हें आगे बढ़ते देखा है, उसके हिसाब से यह बहुत खास है। इसमें तुम्हारा विजन और लगन साफ दिखेगी।'

'डोंट ट्रबल द ट्रबल' एक आने वाली तेलुगु फैंटेसी कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है, जिससे फहाद फासिल तेलुगु सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। शशांक येलेटी के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक अनोखे जादूगर और एक युवा लड़की की कहानी है।

एक मैजिक ट्रिक से लड़की को अलौकिक शक्तियां मिल जाती हैं, जिससे उनकी जिंदगी में एक अप्रत्याशित मोड़ आता है और एक दिल को छू लेने वाला और रहस्यमयी एडवेंचर शुरू होता है। फहाद फासिल के अलावा फिल्म में सारा अर्जुन अहम भूमिका में हैं। साथ ही रोहिणी, हर्ष रोशन, शत्रु, श्रीनिवास अवसराला और रघु बाबू भी हैं। टीजर के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। फिल्म 26 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### छॉलीवुड

## 'जान लेबे का' आएगी 24 को बड़े परदे पर



निर्देशक आलेख चौधरी की फिल्म 'जान लेबे का' आगामी सप्ताह में 24 जुलाई को रिलीज हो रही है। फिल्म के निर्माता अंबिकापुर निवासी लक्ष्मी प्रकाश जायसवाल और वितरक सतीश जैन हैं। इसमें मुख्य भूमिकाओं में मन कुरैशी, लक्षित झांझी,दीक्षा जायसवाल और काजल सोनबेर ने निभाई हैं। वहीं वरिष्ठ अभिनेता संजय बत्रा खास भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में विलेन का किरदार मनमोहन ठाकुर निभा रहे हैं, जो नेता प्रतिपक्ष के रूप में नजर आएंगे। फिल्म की 90 फीसदी शूटिंग सरगुजा और अंबिकापुर के आसपास हुई है। वहीं मुंबई और रायपुर में कुछ हिस्सा शूट हुआ है। यह फिल्म 24 जुलाई को समूचे छत्तीसगढ़ में रिलीज हो रही है। फिल्म की एक और बड़ी खासियत यह है कि इसके वितरक प्रख्यात निर्देशक सतीश जैन हैं । सतीश जैन वैसे बहुत कम फिल्में वितरित करते हैं लेकिन इस फिल्म को रिलीज करने की उन्होंने खुद इच्छा जाहिर की। बड़े भव्य पैमाने पर इस फिल्म को प्रदर्शित किया जा रहा है। फिल्म के अन्य कलाकारों में चंद्रकला तिवारी,मनोज जोशी, पप्पू चंद्राकर और हेमलाल कौशल भी हैं। फिल्म में अंबिकापुर के भी बहुत से चेहरों को मौका दिया गया है।

## खुद की पहचान

लाइफ स्टाइल



"खुद को ज़ाहिर करने और क्रिएटिविटी के एक तरीके के तौर पर, फ़ैशन में अक्सर ऐसे आउटफिट नजर आते हैं जो राजनीतिक या सांस्कृतिक मतभेदों को भी उजागर करते हैं। 'स्टेट्स ऑफ़ अनड्रेस' जैसी डॉक्यू-सीरीज़ इन मतभेदों को परे रखती है और फैशन की नई दुनिया में ले जाती है। यह सीरिज इस बात पर जोर देती है कि खुद की पहचान के लिए फ़ैशन इंडस्ट्री में विविधता की बड़ी समस्या पर अभी भी बड़े पैमाने पर ध्यान देने की ज़रूरत है।


## घर पर ही करती हैं आइब्रो थ्रेडिंग तो इन बातों का ध्यान अवश्य रखें

चेहरे की खूबसूरती तब कई गुना बढ़ जाती है, जब महिलाएं आइब्रो की थ्रेडिंग बनवा लेती हैं। इसकी वजह से आंखें और भी ज्यादा प्यारी लगने लगती हैं। आईब्रो की थ्रेडिंग बनाने के लिएल बहुत सी महिलाएं वैक्सिंग का सहारा लेती हैं, तो वहीं ज्यादातर महिलाएं थ्रेडिंग कराती हैं। आइब्रो सेट कराने के लिए थ्रेडिंग सबसे सरल और आसान रास्ता माना जाता है। इसी के चलते कई महिलाएं तो घर पर खुद से ही थ्रेडिंग कर लेती हैं।

अगर आप भी उन महिलाओं में शामिल हैं, जो घर पर ही थ्रेडिंग करना पसंद करती हैं, तो कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखें। यदि आप इन बातों का ध्यान रखेंगी तो एक तो आपका लुक प्यारा दिखेगा और साथ ही में इसकी वजह से आपके चेहरे पर किसी तरह की एलर्जी नहीं होगी।

### धागा हो साफ

यदि आप नियमित रूप से घर पर ही आईब्रो बनाती हैं तो ध्यान रखें कि कि एक ही धागे तो बार-बार इस्तेमाल न करें। थ्रेडिंग के लिए हमेशा नया धागा लें। कभी भी इस्तेमाल किया हुआ धागा दोबारा इस्तेमाल न करें। ध्यान रखें



कि गंदा धागा स्किन में बैक्टीरिया फैला सकता है। इसलिए हर बार नया धागा लें।

### हाथ को धोएं अवश्य

आइब्रो पर थ्रेडिंग बनाते समय अपने हाथों को अच्छी तरह से धोएं। यदि आप गंदे हाथ से थ्रेडिंग बनाएंगे तो इससे इंफेक्शन फैलने का खतरा बढ़ जाता है। हाथों के साथ-साथ अपने चेहरे को भी अच्छी तरह से धोकर साफ कर लें, वरना चेहरे पर मुंहासों जैसी दिक्कतें पैदा होंगी।

### रोशनी होनी चहिए ज्यादा

थ्रेडिंग बनाते समय ऐसी जगह पर बैठें, जहां रोशनी तेज आती हो। यदि आप अंधेरे में या फिर कम रोशनी में थ्रेडिंग बनाएंगी तो इससे हो सकता है कि आइब्रो की शेप बिगड़ जाए। इसलिए पहले रोशनी को सेट कर लें, फिर ही थ्रेडिंग करें।

### एलोवेरा का इस्तेमाल करें

थ्रेडिंग के बाद स्किन काफी सेंसेटिव हो जाती है। इसलिए हमेशा आईब्रो पर थ्रेडिंग के बाद त्वचा पर एलोवेरा इस्तेमाल अवश्य करें। ये आपकी त्वचा को एलर्जी से बचाएगा और साथ ही में थ्रेडिंग की वजह से होने वाली जलन को भी एलोवेरा कम करने का काम करेगा।

### तुरंत मेकअप न करें

इस बात का खास ध्यान रखें कि थ्रेडिंग के तुरंत बाद स्किन के पोर्स खुले होते हैं। ऐसे में अगर आप थ्रेडिंग के तुरंत बाद मेकअप करेंगे तो इससे मेकअप के केमिकल्स त्वचा के अंदर जा सकते हैं और उसकी वजह से स्किन पर पिंपल्स हो सकते हैं।

## स्कर्ट में दिखना है सबसे स्टाइलिश तो ये फैशन टिप्स करें फॉलो



स्कर्ट कई खास मौकों पर पहनने के लिए एक बेस्ट ऑप्शन है। आप इसे ऑफिस, पार्टी या शादी जैसे खास मौके पर स्टाइल कर सकती हैं। यह न केवल आपको आरामदायक महसूस कराती है, बल्कि इसमें आपका लुक बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश भी दिखता है। हालांकि, स्कर्ट में आपका लुक तभी सुंदर और स्टाइलिश लगता है, जब आप इसे सही तरीके से स्टाइल करती हैं। हम आपको स्कर्ट में स्टाइलिश लुक पाने के कुछ खास फैशन टिप्स बता रहे हैं। इन टिप्स को फॉलो करने से आपका लुक स्टाइलिश और खूबसूरत नजर आएगा। आपको यह जरूर जानना चाहिए कि किस तरह की स्कर्ट का चुनाव करें और उन्हें कैसे स्टाइल करें ताकि आपका लुक सबसे अलग और ट्रेंडी लगे।



### सही स्कर्ट का करें चुनाव

अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए सबसे पहले सही स्कर्ट का चुनाव करें। स्कर्ट का चुनाव अपनी बॉडी शेप के अनुसार करें। अगर आपकी बॉडी पियर-शेप की है, तो आप ए-लाइन स्कर्ट का चुनाव कर सकती हैं। वहीं, अगर आप लंबी दिखना चाहती हैं, तो हाई-वेस्ट स्कर्ट पहनें।



### परफेक्ट टॉप करें स्टाइल

अगर आप कहीं घूमने जा रही हैं, तो आप बॉडी फिटेड या क्रॉप टॉप का चुनाव कर सकती हैं। यदि आपकी स्कर्ट टाइट या पेंसिल शेप की है, तो इसके साथ आप लूज टॉप पहन सकती हैं। वहीं, ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए हैवी टॉप का चुनाव करें।

### फुटवियर करें पेयर

अगर आप पेंसिल स्कर्ट या मिडी स्कर्ट स्टाइल कर रही हैं, तो आप हील्स का चुनाव कर सकती हैं, जो आपको लंबा और एलिगेंट लुक देगा। कैजुअल लुक के लिए आप स्कर्ट के साथ स्नीकर्स या फ्लैट्स स्टाइल कर सकती हैं।

## मैट लिपस्टिक से पहले क्या लगाएं, जानें ब्यूटी एक्सपर्ट से


मैट लिपस्टिक लगाना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन आप इसे लगाने से पहले कुछ खास बातों को जानें, ताकि आपके लिप्स सॉफ्ट रहें।

### मलाई

कई सारे ऐसे नुस्खे हैं, जिसे ट्राई करके हम अपने लिप्स की सही तरीके से केयर कर सकते हैं। खासकर उस समय जब हमें लिप्स पर लिपस्टिक को ज्यादा समय के लिए लगाना है। ऐसे में आप सबसे पहले अपने लिप्स पर मलाई को लगाएं। मलाई लिप्स की स्किन को मॉइस्चराइज करती है। साथ ही, सॉफ्ट बनाती है। इसलिए आप इसे रोजाना सुबह लिप्स पर लगाएं। इसके बाद आप मैट लिपस्टिक का कोई भी शेड अप्लाई करें। होंठों पर लगी लिपस्टिक फटी-फटी नजर नहीं आएगी।

### नारियल तेल

अगर आपके लिप्स मैट लिपस्टिक लगाने के बाद फटे-फटे नजर आते हैं, तो ऐसे में आप नारियल तेल को अप्लाई करें। नारियल तेल को लगाने से आपके लिप्स हेल्दी रहते हैं।



इसलिए जब भी आप अपने होंठों पर लिपस्टिक को अप्लाई करेंगी, तो नारियल का तेल जरूर लगाएं। इससे आपके लिपस्टिक को मैट फिनिशिंग मिलेगी।

### लिप बाम

अगर आपको अपने लिप्स को हाइड्रेट रखना है, तो ऐसे में आप मैट लिपस्टिक को लगाने से पहले लिप बाम को अप्लाई करें। लिप बाम आपके लिप्स को हाइड्रेट रखता है। साथ ही, आपके लिप्स पर लिपस्टिक को चिपचिपा बनाने से बचाता है। इसलिए आपको इसे जरूर ट्राई करना चाहिए।

## शाम तक चेहरे का ग्लो हो जाता है गायब तो ऐसे लौटेगा खोया निखार


शाम होते-होते चेहरे की थकावट और निखार में नमी की कमी आम समस्या है, खासकर जब आप दिनभर की भागदौड़ या ऑफिस के बाद खुद को थका हुआ महसूस करते हैं। ऐसा होना बेहद सामान्य है। यदि आपके साथ भी ऐसा ही है तो आपको जानना चाहिए कि कैसे कुछ टिप्स को फॉलो करके आप अपने चेहरे को हमेशा खिला-खिला रख सकते हैं।

### सुबह की शुरुआत करें ऐसे

अपने सुबह की शुरुआत हमेशा सीटीएम रूल के साथ करें। इसमें सबसे पहले क्लींजंग, फिर टोनिंग और फिर मॉइस्चराइजिंग का नंबर आता है। ये रुटीन फॉलो करने के बाद आपका चेहरा पूरा दिन खिला-खिला बना रहेगा। यदि सीरम इस्तेमाल कर रहे हैं तो विटामिन सी या हायालूरोनिक एसिड सीरम का इस्तेमाल करें जिससे स्किन हाइड्रेट और ग्लोइंग बनी रहती है।

### सनस्क्रीन को दिन भर इस्तेमाल करें

मौसम चाहे कोई सा भी हो, सनस्क्रीन का इस्तेमाल दिन में कई बार करें। ये आपके चेहरे को यूवी किरणों से



बचाकर रखता है, जिनकी वजह से स्किन डैमेज होकर डल दिखने लगती है। घर से बाहर निकलते समय बाहर हमेशा SPF 50 या उससे ऊपर का सनस्क्रीन लगाएं।

### फेस मिस्ट को बनाएं दोस्त

अभी जब गर्मी का मौसम है तो फेस मिस्ट को अपना दोस्त बना लें। दिनभर में जब भी चेहरा थका हुआ लगे, एक रिफ्रेशिंग फेस मिस्ट या गुलाबजल छिड़कें।ये आपके चेहरे को तुरंत तरोताजा कर देता है।

## कार्नर न्यूज

### मेंस फैशन में स्मार्ट और स्टाइलिश दिखने में कमी न रखें

## हैंडसम दिखने के लिए पहने इस तरह के फैशनेबल ट्रेंडी कपड़े, बदल जाएगा लुक

आजकल लड़के भी फैशन के मामले में किसी से कम नहीं हैं। स्मार्ट और स्टाइलिश दिखने के लिए वे भी नए ट्रेंड्स को अपनाते हैं। अगर आप भी अच्छे लुक के साथ स्मार्ट दिखना चाहते हैं तो आपकी अलमारी में कुछ खास कपड़े होने चाहिए। यहां कुछ ऐसे कपड़े बताए जा रहे हैं जो हर लड़के की अल्मारी में होने चाहिए।

### ट्रेंच कोट या ब्लेजर

अगर आप ऑफिस, पार्टी या किसी फॉर्मल इवेंट पर जा रहे हैं तो एक अच्छी क्वालिटी का ब्लेजर या ट्रेंच कोट आपके लुक को स्मार्ट और क्लासी बना सकता है। यह खासकर सर्दी के मौसम में जरूरी है।

### फिटेड जींस

एक अच्छी फिटिंग वाली जींस लड़कों के लिए हमेशा ही स्टाइलिश होती है। डार्क वॉश जींस से लेकर लाइट वॉश जींस तक यह आपके लुक को कूल और आरामदायक बना सकती है।



### ट्रेंडी टी-शर्ट्स

लेटेस्ट डिज़ाइंस और प्रिंट्स के साथ एक अच्छी फिटिंग वाली टी-शर्ट हर लड़के के पास होनी चाहिए। यह रोज़मर्रा की आउटफिट्स में आसानी से पहनी जा सकती है और आरामदायक भी होती है।

### कुर्ता या शर्ट

एक अच्छा कुर्ता या कैज़ुअल शर्ट आपकी अलमारी में होना चाहिए। शर्ट ऑफिस, कैज़ुअल आउटिंग्स और पार्टियों के लिए भी परफेक्ट हो सकती है।

### स्नीकर या कैजुअल शूज़

एक अच्छे स्नीकर की जोड़ी हर लड़के को चाहिए। यह न केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि आपके पूरे लुक को भी स्टाइलिश बनाते हैं।

### चायनीज़ कॉलर शर्ट्स

ये शर्ट्स अलग लुक देती हैं और किसी भी इवेंट या पार्टी के लिए परफेक्ट होती हैं। यह स्टाइल और आराम का बेहतरीन कॉम्बिनेशन होता है।

### कम्फर्टेबल शॉर्ट्स

गर्मियों में आरामदायक और स्टाइलिश दिखने के लिए शॉर्ट्स का चयन करें। यह कैज़ुअल आउटिंग्स, बीच, और ट्रिप्स के लिए बेहतरीन होते हैं।

### डेनिम जैकेट

डेनिम जैकेट्स कभी भी आउट ऑफ फैशन नहीं होती। यह एक क्लासिक पीस है जो किसी भी कैज़ुअल लुक को अपग्रेड कर सकता है।

### पोलो टी-शर्ट

अगर आप थोड़ा स्मार्ट और आरामदायक लुक चाहते हैं, तो पोलो टी-शर्ट्स पहनें। यह आम टी-शर्ट से अलग होती हैं और आपको एक एलीगेंट लुक देती हैं।

